SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 11 जुलाई 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 282

## 8 पुलिसकर्मियों का हत्यारा विकास दूबे

### गाड़ी पलटने के बाद की थी भागने की कोशिश



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या का मुख्य आरोपी विकास दुबे शुक्रवार सुबह भौंती क्षेत्र के पास पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने पत्रकारों को बताया कि विकास को गुरूवार को उज्जैन के महाकाल क्षेत्र में गुरूवार को गिरफ्तार किया गया था। उसे ट्रांजिट रिमांड पर सुरक्षा बल कानपुर लेकर आ रहे थे कि भौंती क्षेत्र के पास वाहन पलट गया जिससे पुलिस और एसटीएफ के चार जवान घायल हो गए।

उन्होंने बताया कि जवानो के घायल होते ही विकास ने एक जवान की पिस्टल लेकर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने उसे घेर कर आत्मसमर्पण करने के लिये कहा लेकिन वह नहीं माना और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करने लगा। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग की गई जिसमें विकास घायल हो गया। उसे लाला लाजपत राय अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि विकास दुबे को मध्य प्रदेश के उज्जैन के महाकाल मंदिर से गिरफ्तार किया गया था। जब पुलिस उसे गिरफ्तार कर गाड़ी में बैठा रही थी, तब उसने चिल्लाकर बताया था कि मैं विकास दुबे कानपुर वाला हूं।पुलिस कानपुर एनकाउंटर मामले के बाद से ही फरार चल रहे इस कुख्यात आरोपी की तलाश में जुटी थी।गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे लगातार पूछताछ की। बताया जा रहा है कि पूछताछ के दौरान गैंगस्टर ने कई बड़े खुलासे भी किए। कानपुर एनकाउंट वारदात के बाद से फरार विकास यूपी, दिल्ली, हरियाणा और मध्य प्रदेश पुलिस को चकमा देकर उज्जैन पहुंचा था।

विकास दुबे की गिरफ्तारी से पहले गुरुवार सुबह दुबे के दो करीबियों रणबीर शुक्ला और प्रभात मिश्रा को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। प्रभात मिश्रा को पुलिस ने फरीदाबाद के होटल से गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि प्रभात पुलिस की कस्टडी से भाग रहा था। इसके बाद एनकाउंटर में प्रभात को मार गिराया गया। गौरतलब है कि कानपुर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में कुख्यात अपराधी विकास दुबे और उसके साथियों से मुठभेड़ में डीएसपी देवेंद्र मिश्र समेत आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। तभी से पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी।

### विकास दुबे मुठभेड़

## प्रियंका ने यूपी सरकार पर साधा निशाना



**नईदिल्ली।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गैंगस्टर विकास दुबे के मुठभेड़ में मारे जाने के बाद शुक्रवार को प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और सवाल किया कि अपराधी का तो अंत हो गया लेकिन उसके अपराध को संरक्षण देने वालों का क्या हो रहा है। वाड्रा ने ट्वीट किया, अपराधी का अंत हो गया, अपराध और उसको सरंक्षण देने वाले लोगों का क्या।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा, विकास दुबे एनकाउंटर में मारा गया। कई लोगों ने पहले ही ये आशंका जताई थी पर अनेकों सवाल छूट गए। उन्होंने इस संबंध में सरकार से पूछा, अगर उसे भागना ही था, तो उज्जैन में सरेंडर ही क्यों किया। उस अपराधी के पास क्या राज थे जो सत्ता-शासन से गठजोड़ को उजागर करते। पिछले 10 दिनों की कॉल डिटेल्ज़ जारी क्यों नहीं।

गौरतलब है कि आठ पुलिसकर्मियों के हत्यारे पांच लाख रुपये के इनामी विकास को उज्जैन से कानपुर ला रही एसटीएफ की गाड़ी पलट गई और उसने पुलिस का हथियार छीकर भागने की कोशिश की जिसके बाद उसे मुठभेड़ में मार दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट का केन्द्र और केरल समेत 12 राज्यों को नोटिस

### गर्भवती हथिनी की मौत मामला

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने केरल के मल्लपुर जिले के एक गांव में गर्भवती हथिनी की निर्मम मौत के मामले में केंद्र सरकार और केरल सहित 13 राज्यों से शुक्रवार को जवाब तलब किया। कोर्ट ने केन्द्र और 13 राज्यों को जंगली जानवरों को भगाने के लिए विस्फोटकों आदि के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए निर्देश देने की याचिका पर नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति बी आर गवई की खंडपीठ ने शुभम अवस्थी की याचिका की वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, केरल सरकार और 12 अन्य प्रतिवादी राज्यों को नोटिस जारी किये। प्रतिवादी राज्यों में केरल के अलावा, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, कनार्टक, मेघालय, नागालैंड, ओडिशा, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड विवेक नारायण शर्मा की ओर से दायर याचिका में याचिकाकर्ता ने मामले की जांच अदालत की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) या विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने के निर्देश देने का न्यायालय से अनुरोध किया। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि केरल में ऐसी घटना पहले भी घटती रही है। मौजूदा मामले में जिस तरह गर्भवती हथिनी की पटाखे से भरे अनानास खिलाकर निर्मम हत्या की गई, वह भयानक, दुखद, क्रूर और अमानवीय कृत्य है और शीर्ष अदालत को इसमें दखल देना चाहिए।

### पीएम मोदी ने राजनाथ को जन्मदिन की बधाई दी

**नयी दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी राजनाथ सिंह को उनके जन्मदिन पर शुक्रवार को बधाई देते हुए कहा कि वह मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के प्रयासों में सबसे आगे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को 69 वर्ष के हो गए हैं। मोदी ने ट्वीट किया, ''राजनाथ सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। राजनाथ जी का ज्ञान सरकार के लिए बहुत लाभकारी है।'' उन्होंने कहा कि सिंह एक मजबूत और सुरक्षित भारत बनाने के प्रयासों में सबसे आगे हैं।

## एएसआई के स्मारकों में फ़िल्म शूटिंग करने तीन सप्ताह में मिलेगी इजाजत:पटेल

### आत्मनिर्भर भारत को बल देने के उद्देश्य से की गई घोषणा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने फिक्की फ्रेम्स के साथ वर्चुअल संवाद में गुरुवार को कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सभी स्मारकों में फिल्मों की शूटिंग की अनुमति के लिए अब अधिक इंतज़ार करने की जरूरत नहीं होगी। पटेल ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के



अधिकतम 3 सप्ताह में उन्हें शूटिंग की अनुमति प्रदान कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घोषणा से न सिर्फ फिल्मों की शूटिंग को भारत में बढ़ावा मिलेगा बल्कि भारतीय स्मारकों का भी प्रचार प्रसार हो सकेगा। पटेल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह घोषणा की गई है। इसके साथ ही पटेल ने फ़िल्म उद्योग से अपील की कि उन्हें भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के जाने माने स्मारकों के साथ साथ कम प्रसिद्ध स्मारकों पर भी शूटिंग करनी चाहिए ताकि दुनिया को उन स्मारकों के बारे में भी जानकारी मिल सके। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने उत्तर-पूर्वी भारत और हिमालयी राज्यों में भी अधिक से अधिक शूटिंग करने का अनुरोध किया जिससे देश और दुनिया को वहां की खूबसूरती के बारे में और अधिक जानने को मिले।

## मध्य प्रदेश के सोलर प्लांट का लाभ दिल्ली मेट्रो तक को मिलेगा:मोदी

**नई दिल्ली,10 जुलाई (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को मध्यप्रदेश के रीवा में स्थित विश्व की बड़ी सौर परियोजनाओं में शामिल रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना को राष्ट्र को समर्पित किया है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस परियोजना का लोकार्पण किया।**



### जनवरी तक वन नेशन वन राशन कार्ड से जुड़ जाएंगे सभी राज्य : पासवान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री राम विलास पासवान ने गुरुवार को कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड योजना से जनवरी तक देश के सभी राज्य जुड़ जाएंगे। वन नेशन वन राशन कार्ड पूरे देश में लागू होने की निर्धारित समय-सीमा 31 मार्च है। पासवान ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए संवाददाताओं से बातचीत के दौरान कहा कि 20 राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभार्थियों को इस योजना का भाव मिलने लगा है और बाकी राज्यों को भी जल्द इसमें शामिल करने की दिशा में प्रयास चल रहा है।

## विकास दुबे की पत्नी ऋचा दुबे पर दर्ज होगा अवैध निर्माण का मुकदमा

### ऋचा दुबे के नाम दर्ज मकान का नक्शा नहीं है पास

**लखनऊ (आरएनएस)।** पुलिस से एनकाउंटर में शुक्रवार को मारे गए विकास दुबे के कृष्णा नगर इंद्रलोक कॉलोनी स्थित मकान को लेकर उसकी पत्नी के खिलाफ अवैध निर्माण का मुकदमा शुक्रवार को नहीं दर्ज किया गया। प्रवर्तन की विहित प्राधिकारी ऋतु सुहास को इंजीनियरिंग विभाग की इस संबंध में रिपोर्ट आने का इंतजार है। वैसे ये बात पूरी तरह से तय हो चुकी है कि विकास दुबे की पत्नी ऋचा दुबे के नाम दर्ज मकान का नक्शा पास नहीं है और इसके खिलाफ अवैध निर्माण का मुकदमा दायर कर के आगे की कार्यवाही करने में एलडीए के लिए कोई भी रोड़ा नहीं है। प्राधिकरण में विकास दुबे के मकान के खिलाफ कागजों और मौके की कार्यवाही के शुक्रवार को छह दिन हो गए। इन छह दिनों में ये तय हो चुका है कि विकास दुबे का मकान अवैध निर्माण कर के बनाया गया है और इसका मानचित्र पास नहीं है। बाकी तीन पड़ोसियों और विकास दुबे के मकान का निर्माण एक ही नक्शे पर कर दिया गया है। बाकी तीन मकानों से तो उनका कंपाउंडिंग मैंप मांगा गया है।

## देश में रोजाना हो रहे है ढ़ाई लाख से ज्यादा टेस्ट और मृत्यु दर सबसे कम

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** देश में लगातार बढ़ रहे कोरोना वायरस के मामले चिंता का विषय है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कोरोना को लेकर मीडिया से प्रेस क्रांफेस दौरान कहा, हमारे देश में रोजाना 2,70,000 तक टेस्ट हो रहे हैं। हम सभी राज्य सरकारों को कह रहे हैं कि ज़्यादा से ज़्यादा टेस्ट करें। बता दें कि दुनिया में सबसे कम मृत्यु दर 2.72त्न होने के बाद भी हम राज्य सरकारों को लक्ष्य दे रहे हैं कि इसे 1त्न से कम लेकर आना है।

बता दें कि भारत में बीते 24 घंटों में 26,502 से अधिक नए कोरोनोवायरस मामले सामने आए हैं, वहीं इस अवधि में 475 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा एक दिन में आने वाले मामलों का अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। देश में 21,604 मौतों के साथ मामले आठ लाख के करीब पहुंच चुके हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से मिली। आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक सामने आए कुल 7,93,802 मामलों में से 4,95,513 लोग इससे उब चुके हैं, जबकि 2,76,685 मामले देश में सक्रिय हैं। अधिक संख्या में कोविड -19 रोगियों के ठीक होने के साथ ही सक्रिय मामलों की संख्या और ठीक हुए लोगों की संख्या के बीच दो लाख का अंतर बढ़ गया है।

कोविड -19 रोगियों में रिकवरी दर में वृद्धि जारी है और यह 62.42 प्रतिशत तक पहुंच गया है। भारत, अमेरिका और ब्राजील के बाद तीसरा सबसे अधिक प्रभावित देश है। बीते 24 घंटों के दौरान 2,83,659 नमूनों का टेस्ट किया गया है। वहीं अब तक 1,119 से अधिक लैब कोविड-19 टेस्ट करने में सक्षम हैं। महाराष्ट्र देश में सबसे अधिक प्रभावित राज्य में सबसे ऊपर है, यहां अब तक 2,30,599 मामले आ चुके हैं, वहीं 9,667 लोग हताहत हुए हैं। बीते 24 घंटे में 417 लोगों की जान जा चुकी है। तमिलनाडु 1,26,581 मामलों और 1765 मौतों के साथ दूसरा सबसे प्रभावित राज्य रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में बीते 24 घंटों में 2,187 नए कोरोनोवायरस मामलों और 45 मौतों के साथ गुरुवार को कुल मामले 1,07,051 हो गए और यहां अब तक 3,258 मौतें हो चुकी हैं। इनके अलावा 10,000 से अधिक मामलों वाले राज्यों में गुजरात, जहां 39,194 मामले और 2,008 मौतें हुई हैं, उसके बाद उत्तर प्रदेश (32,362), राजस्थान (22,563), मध्य प्रदेश (16,341), पश्चिम बंगाल (25,911), हरियाणा (19,369), कर्नाटक (31,105), आंध्र प्रदेश(23,814), तेलंगाना (30,946), असम (14,032) और बिहार (13,944) शामिल हैं।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका ने पीआईए की फ्लाइट्स पर लगाया प्रतिबंध

**सिडनी।** अमेरिका ने पाकिस्तान की इंटरनेशनल एयरलाइंस पर बैन लगा दिया है। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसपोर्टेशन ने कहा है कि हमने पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) को परमिशन देने से जुड़ा फैसला बदल दिया है। इसके तहत पाकिस्तानी इंटरनेशनल एयरलाइंस अमेरिका में चार्टर फ्लाइट्स चला सकती थीं, लेकिन अब इन्हें प्रतिबंधित कर दिया गया है। अमेरिका ने इसके पीछे पाकिस्तानी पायलटों के सर्टिफिकेशंस को लेकर फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (स्न) की चिंताओं का हवाला दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पीआईए ने अमेरिकी प्रतिबंध की पुष्टि की है। पीआईए ने कहा कि एयरलाइंस को लेकर जिन जरूरी सुधारों की जरूरत है, उस पर वो काम करेगा।

### रवांडा पुलिस ने फरार 4 संक्रमितों को किया गिरफ्तार

**किगाली।** रवांडा पुलिस ने 'ईस्टर्न' प्रांत के एक कोविड-19 उपचार केंद्र से भागे चार कोरोना संक्रमितों को गिरफ्तार कर लिया है। नगोमा जिले की पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि जिले में एक माध्यमिक विद्यालय में स्थापित कोविड केंद्र में उपचार करा रहे चार लोग बुधवार शाम भाग खड़े हुए। बयान में कहा गया कि सुरक्षा एजेंसियों और स्थानीय नेताओं ने उनका पता लगाने के लिए एक साथ मिलकर काम किया तथा स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें पकड़ लिया गया। सुरक्षा अधिकारी और चिकित्साकर्मी उनके परिवारों सहित संभावित संपर्क का पता लगा रहे हैं। पुलिस ने उन चारों के संपर्क में आये लोगों से महामारी के प्रसार को रोकने के लिए परीक्षण और उचित उपचार कराने का आग्रह किया है। रवांडा में गुरुवार को 16 नये मामले सामने आये थे और 13 लोग संक्रमणमुक्त हुए। देश में संक्रमितों की कुल संख्या 1,210 और स्वस्थ होने वालों का आकड़ा 623 पर पहुंच गया है। देश में अब तक तीन मौतें दर्ज की गई हैं।

### मेक्सिको में कोरोना से एक दिन में 730 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) के कारण 730 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 33,520 हो गयी।स्वास्थ्य मंत्रालय के महामारी केंद्र के निदेशक जोस लुइस अलोमिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने गुरुवार रात बताया कि देश में इस दौरान इस संक्रमण के 7280 नये मामले दर्ज किये गये हैं। इसके बाद देश में इस जानलेवा विषाणु की चपेट में आने वाले लोगों की संख्या अब बढ़कर 2,82,283 हो गई है। इससे एक दिन पहले इस लैटिन अमेरिकी देश में इस महामारी के 6995 नये मामले दर्ज किये गये थे तथा 782 लोगों की मौत हुई थी।

### टेक्सास में 1 दिन में कोरोना से 105 लोगों की मौत

**एल पासो।** अमेरिका के राज्य टेक्सास में एक दिन में कोरोना वायरस से सर्वाधिक 105 लोगों की मौत हुई है। टेक्सास के स्वास्थ्य सेवा विभाग ने इसकी जानकारी दी। गुरुवार को जारी डाटा के अनुसार टेक्सास में एक दिन में 105 मौतें हुई है। यहां एक दिन में पहली बार मौत का आंकड़ा ट्रिपल अंकों की संख्या में पहुंचा है। बुधवार को यहां कोरोना से 98 लोगों की मौत हुई थी। राज्य में पिछले महीने से लगातार कोरोना से मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है। गर्वनर ग्रेग एबोट ने महामारी के बीच टेक्सास में आर्थिक गतिविधियां शुरु करने की इजाजत दी थी। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार टेक्सास में गुरुवार शाम तक कोरोना के 230346 मामले सामने आए हैं और 2918 लोगों की मौत हुई है।

### अज्ञात हमलावरों ने पुलिस वाहन पर गोलीबारी की, एक पुलिसकर्मी की मौत

**पेशावर।** पाक के उत्तर पश्चिमी हिस्से में शुक्रवार को एक पुलिस वाहन पर अज्ञात हमलावरों ने गोलीबारी की, जिसमें एक सहायक उप निरीक्षक की मौत हो गई और एक कांस्टेबल घायल हो गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दीर जिले में हुई। पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी तभी यह हमला हुआ। इस हमले में सहायक पुलिस उप निरीक्षक मुहम्मद नसीर खान की मौके पर ही मौत हो गइ।